
हरिभूमि
# महेन्द्रगढ़-नारनौल भूमि
रोहतक, गुरुवार, 29 मई 2025

11 30 किलोमीटर से कम सफर करने वाले यात्रियों से...



12 बांयल गांव में 6 दिनों से गहराया पेयजल संकट, ग्रामीणों ने...





## खबर संक्षेप



### एक एकड़ पंचायत भूमि पर अवैध कब्जे हटाए

**मंडी अटेली।** अटेली क्षेत्र की ग्राम पंचायत कांटी में एक एकड़ पंचायती भूमि पर आपसी सहमति से पीले पंजे की सहायता से अवैध कब्जे हटाए। ग्राम पंचायत के पंचायती भूमि पर कुछ लोगों द्वारा अवैध कब्जे किए हुए थे। इस मौके पर सरपंच प्रतिनिधि देवी सिंह देबु ने बताया कि आपसी सहमति यह अवैध कब्जे हटाए गए हैं। ग्राम पंचायत गांव में सभी की सहमति से अनेक प्रकार के कार्य कर रही है। गांव के सरपंच का मानना यह है कि गांव में आपसी भाईचारा बना रहे। किसी भी व्यक्ति के प्रति किसी प्रकार का मन मुटाव ना हो।

### खोड स्कूल में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

**मंडी अटेली।** राजकीय माध्यमिक विद्यालय खोड में बुधवार को अटल भूजल योजना के अंतर्गत एक विशेष जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। विद्यार्थियों को जल संरक्षण और पानी की विरासत को सहेजने के लिए प्रेरित किया गया। कार्यक्रम में सरपंच प्रतिनिधि मूल सिंह चौहान मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे।

## जल संरक्षण जागरूकता अभियान

# टीम ने जल की बर्बादी करने वालों के काटे कनेक्शन

■ अभियान के तहत गठित टीम ने किया विभिन्न शहरों व गांवों का दौरा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल

जल मानव जीवन के लिए अत्यंत आवश्यक तत्व है, लेकिन तेजी से हो रही जल की बर्बादी और जलस्त्रोतों का क्षय आने वाली पीढ़ियों के लिए गंभीर संकट का कारण बन सकता है। इसी उद्देश्य को ध्यान में रखते हुए जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग व जल एवं स्वच्छता सहायक संगठन की ओर से जिला महेन्द्रगढ़ में जल संरक्षण को लेकर एक प्रभावी जन जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान के माध्यम से लोगों को जल के महत्व, इसके संरक्षण व अनावश्यक उपयोग से बचने के लिए जागरूक किया जा रहा है।

जिले में इस अभियान के तहत सात टीमों ने विभिन्न शहरों व गांवों का दौरा किया। यह टीमें नारनौल शहर, खंड अटेली के उनिंदा, सिहमा का दौंगड़ा अहीर, कनीना का इसराना, महेन्द्रगढ़ का रिवासा व नांगल चौधरी के भोजावास गांव पहुंची। इस दौरान कुल 171 उपभोक्ताओं के पेयजल कनेक्शन की जांच की गई। जिनमें वाशिंग सेंटर, फैक्ट्रियां व घरेलू कनेक्शन शामिल थे। जिला सलाहकार मंगतुराम सरसवा ने जानकारी देते हुए बताया कि कुछ उपभोक्ता अपने पेयजल कनेक्शन से खेतों की सिंचाई कर रहे थे, जो कि जल का अत्यधिक दुरुपयोग है। ऐसे उपभोक्ताओं के कनेक्शन विभाग की ओर से तत्काल प्रभाव से काट दिए गए। वहीं जिन उपभोक्ताओं के नल खुले पाए गए, उन्हें नोटिस जारी किए गए और उन्हें जल संरक्षण के महत्व को समझाते हुए जिम्मेदारीपूर्वक व्यवहार करने के लिए प्रेरित किया गया।



नारनौल। जल बर्बादी करने वालों के कनेक्शन काटती टीम। फोटो : हरिभूमि

### नल कनेक्शन पर नहीं लगी थी टोंटियां

44 ऐसे नल कनेक्शन पाए गए, जिन पर टोंटियां नहीं लगी थी। खुले नलों से पानी निरंतर बहता रहता है। जिससे बड़ी मात्रा में जल व्यर्थ चला जाता है। इन उपभोक्ताओं को टोंटी लगाने के लिए प्रेरित किया गयाए। जिसके परिणामस्वरूप तीन उपभोक्ताओं ने मौके पर ही अपने नलों पर टोंटियां लगाई। यह छोटा लेकिन सार्थक कदम जल संरक्षण की दिशा में एक प्रभावी उदाहरण है।

*अभियान सिर्फ निरीक्षण तक सीमित नहीं:* जूनियर इंजीनियर प्रवीण कुमार ने बताया कि यह अभियान सिर्फ निरीक्षण तक सीमित नहीं है, बल्कि इसका उद्देश्य जनभागीदारी सुनिश्चित करते हुए लोगों में जल संरक्षण के प्रति जिम्मेदार व्यवहार विकसित करना है। जल संसाधनों का विवेकपूर्ण उपयोग व उसका संरक्षण केवल सरकारी प्रयासों से संभव नहीं है। इसमें प्रत्येक नागरिक की भागीदारी आवश्यक है। यह अभियान आम जनमानस को न केवल जल की महत्ता का बोध कराता है, बल्कि यह भी बताता है कि थोड़े से प्रयासों से कैसे बड़ी मात्रा में जल बचाया जा सकता है। जल ही जीवन है यह केवल एक नारा नहीं, बल्कि आज की आवश्यकता है। जिले में चलाया जा रहा यह जन जागरूकता अभियान जल संरक्षण की दिशा में एक अनुकरणीय प्रयास है। जिससे न केवल वर्तमान पीढ़ी को लाभ मिलेगा, बल्कि भविष्य की जल सुरक्षा भी सुनिश्चित की जा सकेगी।

# मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा को लेकर हनुमान मंदिर में किया सुंदरकांड पाठ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल

श्रीराम हनुमान गुणगान प्रचार मंडल एवं श्रीराम मेहंदीपुर बालाजी सेवा संघ के तत्वावधान में मंगलवार रात मोहल्ला जमालपुर के हनुमान मंदिर में भगवान राम दरबार की मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा को लेकर संगीतमय सुंदरकांड पाठ का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता संस्थापक मंडल के सदस्य पंडित महेश शर्मा ने की। सर्वप्रथम पंडित कपिल निर्मल व पंडित जितेंद्र शर्मा ने यजमान भगवान दास व उनकी पत्नी संजू देवी से परिवार सहित पूजन करवा बाबा की ज्योति प्रज्वलित करवाई।

इसके बाद हनुमान चालीसा व रामधुन के साथ सुंदरकांड पाठ का शुभारंभ किया गया। जिसमें पंडित महेश शर्मा, दीपक शर्मा, अजय शर्मा, कांशीराम पार्षद व दिनेश बारी आदि ने सुंदरकांड पाठ के दौहे व चौपाइयों का गायन किया। पाठ समापन के बाद भजनों का दौर शुरू हुआ। जिसमें गायक कांशीराम ने मेरा संकट कट गया रे मेहंदीपुर के दरबार में मेरा संकट कट गया रे, सुदेश शर्मा ने मैंने तेरे ही भरोसे हनुमान सागर में नैया तार दई व अजय शर्मा ने धमाल सुनाकर सभी को झूमने पर विवश कर दिया। इसके बाद यजमान परिवार को भगवान श्रीराम का चित्र भेंट कर मंडल की ओर से सम्मानित किया गया। हनुमान मंदिर में भगवान श्रीराम की मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा को लेकर बुधवार सुबह शोभायात्रा व भंडारे का भी आयोजन किया गया।



नारनौल। यजमान को स्मृति चिह्न भेंट करते मंडल सदस्य। फोटो : हरिभूमि

# अवैध खनन : बजरी से भरे पांच ट्रैक्टर-ट्रॉली पकड़े

**महेंद्रगढ़।** थाना शहर व सदर पुलिस टीम ने अवैध खनन करने वालों के खिलाफ कार्रवाई की है। छापेमारी के दौरान अवैध खनन कर बजरी ले जाते हुए पांच ट्रैक्टर-ट्रॉली पकड़े गए हैं। पुलिस टीमों ने महेंद्रगढ़ क्षेत्र के विभिन्न स्थानों से इनको पकड़ा गया है। पुलिस टीम ने इनमें भरी रेत-बजरी के दस्तावेज चालकों से मांगे, लेकिन खनन सामग्री से संबंधित कोई दस्तावेज नहीं दिखाने पर ट्रैक्टर-ट्रॉली को जब्त कर खनन विभाग को सूचना दी गई। खनन विभाग द्वारा खनन अधिनियमों के तहत कार्रवाई की गई। पुलिस टीम द्वारा खनन माफिया के विरुद्ध संयुक्त कार्रवाई करते हुए पांच बजरी से भरे ट्रैक्टर-ट्रॉली जब्त किए हैं। एसपी पूजा वशिष्ठ के निर्देशानुसार टीमों का गठन किया गया, टीमों के द्वारा अवैध बजरी खनन की रोकथाम के लिए बुधवार की सुबह विशेष अभियान चलाकर महेंद्रगढ़ क्षेत्र से अवैध रूप से बजरी का खनन करके ले जाते हुए पांच ट्रैक्टर-ट्रॉली को विभिन्न स्थानों से पकड़ा है। पुलिस की टीम को देखकर बजरी खनन करने वाले वाहनों को लेकर भागने का प्रयास करने लगे, लेकिन इस दौरान जवानों ने घेरा डालकर पांच ट्रैक्टरों को रुकवाकर पकड़ लिया। पुलिस ने मामले की जांच की तो बजरी का अवैध परिहवन होना पाया गया। जिस पर पुलिस ने मौके से बजरी से भरे ट्रैक्टर-ट्रॉली जब्त कर लिए। जिनमें अवैध बजरी होने और वैध कागज नहीं होने पर वाहनों को पुलिस द्वारा खनन विभाग को सूचना दी गई।



महेंद्रगढ़। सदर थाने में खड़े बजरी से भरे ट्रक।

# डीसी-एसपी की मौजूदगी में अफसरों बनाम ग्रामीणों के बीच हुआ वॉलीबॉल का मैत्रीपूर्ण मैच

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल

हरियाणा सरकार के निर्देशानुसार मंगलवार को जिले के अंतिम छोर पर बसे गांव गोलवा में रात्रि ठहराव कार्यक्रम के दौरान अफसरों बनाम ग्रामीणों के बीच वॉलीबॉल का मैत्रीपूर्ण मैच हुआ। इस दौरान उपायुक्त डॉ. विवेक भारती तथा पुलिस अधीक्षक पूजा वशिष्ठ भी मौजूद थी। इससे पहले उन्होंने ग्रामीणों के बीच बैठकर ग्रामीणों के साथ सीधा संवाद किया तथा उनकी समस्याएं सुनी। अधिकारियों के साथ हुए इस मैच में सभी ग्रामीण उत्साहित नजर आए। पूरे गांव ने स्कूल के मैदान में एकत्रित होकर मैच का लुफ्त उठाया।

इस कार्यक्रम में डीसी-एसपी की सादगी और जमीनी जुड़ाव ने ग्रामीणों का दिल जीत लिया। दोनों अधिकारियों ने ग्रामीण खिलाड़ियों के साथ विस्तार के साथ परिचय लिया। ग्रामीणों ने बताया कि रात्रि ठहराव कार्यक्रम हरियाणा सरकार की एक बेहतरीन पहल है। इस अवसर पर डीसी ने ग्रामीणों को वॉलीबॉल किट उपलब्ध कराई। इस मौके पर नांगल चौधरी के एसडीएम मनोज कुमार, नगराधीश मंजीत कुमार, सीएमओ डॉ. अशोक कुमार, डीएसपी हरदीप सिंह, डीडीपीओ हरिप्रकाश बंसल, बीडीपीओ नवदीप सिंह के अलावा अन्य अधिकारी भी मौजूद थे।



नारनौल। खिलाड़ियों का परिचय लेते उपायुक्त डॉ. विवेक भारती, साथ एसपी पूजा वशिष्ठ। फोटो : हरिभूमि



नारनौल। विकास कार्यों का जायजा लेते जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी मनोज कुमार। फोटो : हरिभूमि

### सीईओ ने लिया विकास कार्यों का जायजा

**नारनौल।** जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी मनोज कुमार ने बुधवार को गांव मंडलाना, डेरोली अहीर, मालड़ा सराय, सेहलंग, भोजावास व बिहाली के गांवों में जाकर ग्रे वाटर मैनेजमेंट, ठोस कचरा प्रबन्धन सैड व अमृत सरोवर विकास कार्यों का जायजा लिया। इस मौके पर पंचायती राज से कार्यकारी अभियंता रमेश कुमार भी मौजूद थे। इस अवसर पर मुख्य कार्यकारी अधिकारी मनोज कुमार ने सरपंचों से कहा कि किसी भी कार्य को सुचारू रूप से चलाने के लिए ग्राम पंचायत के प्रत्येक नागरिक का सहयोग जरूरी है। ग्रे वाटर मैनेजमेंट, ठोस कचरा प्रबन्धन सैड व अमृत सरोवर विकास कार्यो के तहत जो कार्य पूर्ण हो चुके हैं, उनको नियमित रूप से चलाएं व उनकी समय समय पर पंचायतें साफ सफाई व मरम्मत करवाती रहें, ताकि ग्रामीणों को इसका लाभ मिल सके। मुख्य कार्यकारी अधिकारी मनोज कुमार ने खंड अटेली के गांव बिहाली में बनाए जा रहे गोबर धन परियोजना का भी जायजा लिया।

# हकेंवि में दो सप्ताह के ऑनलाइन रिफ्रेशर कोर्स का समापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महेंद्रगढ़

हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय के मदन मोहन मालवीय टीचर ट्रेनिंग सेंटर (एमएमटीटीसी) द्वारा आयोजित दो सप्ताह के रिफ्रेशर कोर्स का समापन हो गया। विश्वविद्यालय कुलपति प्रो. टंकेशवर कुमार ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी-2020) के प्रभावी क्रियान्वयन में शिक्षकों की भूमिका को महत्वपूर्ण बताते हुए कहा कि शिक्षकों को बदलते समय के अनुरूप अपनी शिक्षण पद्धतियों, शोध और मूल्यांकन में नवाचार करना आवश्यक है। विश्वविद्यालय में एमएमटीटीसी के निदेशक प्रो. प्रमोद कुमार ने बताया कि देश के विभिन्न शिक्षण संस्थानों के 130 प्रतिभागियों ने इस रिफ्रेशर कोर्स पूर्ण किया। कार्यक्रम में देशभर के प्रतिष्ठित शिक्षण संस्थानों व विश्वविद्यालयों से 38 विशेषज्ञों ने शिक्षा के समसामयिक और उभरते हुए विषयों पर केंद्रित व्याख्यान दिए और प्रतिभागियों को एआई टूल्स के शिक्षण, शोध व मूल्यांकन में उपयोग, डिजिटल पेडागॉजी, मूक्स विकास के विभिन्न पक्षों का प्रायोगिक प्रशिक्षण भी प्रदान किया। कार्यक्रम के समापन सत्र में इंटर यूनिवर्सिटी सेंटर फॉर टीचर एजुकेशन, बनारस हिन्दू विश्वविद्यालय (बीएचयू) निदेशक प्रो. प्रेम नारायण सिंह मुख्यातिथि के रूप में उपस्थित रहे। उन्होंने अपने संबोधन में एनईपी-2020 के क्रियान्वयन में आने वाली चुनौतियों और शिक्षक शिक्षा कार्यक्रम में सुधार पर विस्तृत चर्चा की।



महेंद्रगढ़। रिफ्रेशर कोर्स के समापन सत्र में प्रतिभागियों को संबोधित करते विशेषज्ञ।



नारनौल। कार्यक्रम में मौजूद विद्यार्थी व स्कूल स्टाफ। फोटो : हरिभूमि

### अद्भुत कौशल व पराक्रम के धनी थे महाराणा प्रताप

**नारनौल।** प्रगतिशील शिक्षक ट्रस्ट की ओर से राजकीय स्कूल अकबरपुर में वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप की जयंती धूमधाम से मनाई गई। प्राचार्य सीमा यादव ने बताया कि प्रगतिशील शिक्षक ट्रस्ट के सौजन्य से स्कूल में महाराणा प्रताप जयंती के उपलक्ष्य में संगोष्ठी व प्रसाद वितरण का आयोजन किया गया। मुख्य वक्ता ट्रस्ट के अध्यक्ष डॉ. संजय शर्मा रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता दिनेश गांधी ने की। स्टेट अवार्डी प्रवक्ता डॉ. जितेन्द्र भारद्वाज व विजय शर्मा विशिष्ट वक्ता के तौर पर मौजूद रहे। अध्यक्ष डॉ. संजय शर्मा ने कहा कि महाराणा प्रताप अद्भुत कौशल व पराक्रम के धनी राजा थे। राष्ट्र के स्वाभिमान व उसकी अस्मिता के लिए अपना जीवन बलिदान करने वाले महाराणा प्रताप का शौर्य भारतीय इतिहास में स्वर्ण अक्षरों में लिखा जाएगा। डॉ. जितेन्द्र भरद्वाज ने कहा कि महाराणा का चिंतन हमेशा मातृभूमि के सुरक्षा के लिए रहा। उनका जीवन संघर्षों से भरा था, लेकिन उन्होंने कभी हार स्वीकार नहीं की और न ही कभी चरित्र और सिद्धांत से समझौता नहीं किया। प्रवक्ता दिनेश गांधी व विजय शर्मा ने कहा कि महाराणा प्रताप ने कभी मुगलों के सामने घुटने नहीं टेके और जिंदगी के आखिरी सांसों तक दुश्मनों से लड़ते रहे तथा वीरगति को प्राप्त हुए। इस मौके पर प्रवक्ता अभय सिंह यादव, आशा शर्मा, अभय सिंह, आशा शर्मा, बुलबुल शेरावत, महेंद्र सिंह यादव, अंजू कुमारी, रामनिवास, गोपाल लाल शर्मा, सुभाष, रोहतास, अतर सिंह आदि मौजूद थे।

### बागोतिया परिवार ने वाटर कूलर आरओ सहित भेंट किया

**सतनाली मंडी।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय नावां में डीएफएससी से सेवानिवृत स्वर्गीय भानीसहाय बागोतिया की पुण्य स्मृति में उनकी पत्नी शांति देवी व बेटे हरदीप बागोतिया ने एक वाटर कूलर आरओ सहित भेंट किया। प्राचार्य जगमाल सिंह यादव ने बागोतिया परिवार का धन्यवाद करते हुए कहा कि इस भीषण गर्मी में आपने बच्चों के लिए विद्यालय में वाटर कूलर दान कर बहुत ही पुण्य का काम किया है। पूरा विद्यालय परिवार बागोतिया परिवार के अच्छे स्वासथ्य और प्रगति की मंगल कामना करता है। विद्यालय के वरिष्ठ अध्यापक प्रदीप कुमार ने कहा कि दान देने से मान और सम्मान में दुगनी वृद्धि होती है। इसलिए प्रत्येक व्यक्ति को अपने सामर्थ्य के अनुसार कुछ ना कुछ दान अवश्य करना चाहिए। इस मौके पर प्रवक्त मुकेश सैनी, परविंद्र कुमार बागोतिया, मुनेश आदि मौजूद थे।

# नावदी स्कूल के विद्यार्थियों को किया सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मंडी अटेली

खंड के गांव नावदी की बाबा दाता साहब शिक्षा एवं पर्यावरण संरक्षण समिति कर ओर से राजकीय उच्च विद्यालय नावदी का कक्षा दसवीं का परीक्षा परिणाम में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को बुधवार को सम्मानित किया गया। कक्षा दसवीं के 22 बच्चों में से 18 प्रथम श्रेणी जिसमें छह बच्चों ने मेरिट प्राप्त की तीन बच्चों ने द्वितीय में स्थान हासिल किया। प्रियांशु पुत्री ज्ञानचंद ने 500 में से 462 अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान प्राप्त किया। इस उपरांत बच्चों को खुली गाड़ी में बैठाकर तिरंगा यात्रा राजकीय उच्च विद्यालय नावदी के प्रांगण से पूरे गांव नावदी व रामपुरा शहीद रामसिंह स्मारक पर पुष्पांजलि व माल्यार्पण कर बाबा दाता साहब मंदिर में दर्शन कर विद्यालय में समापन किया गया इस दौरान बाबा दाता साहब समिति द्वारा बच्चों को फूल मालाओं, पगड़ी व स्कूल बैग, स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। सभी वक्ताओं ने स्कूल स्टाफ के द्वारा की गई मेहनत की सराहना की व सभी बच्चों के उज्वल भविष्य की कामना की। मुख्य अतिथि गांव रामपुरा की सरपंच मधुबाला ने माता पिता को अपने बच्चों को सरकारी स्कूल में भेजने के लिए प्रेरित किया। सामाजिक कार्यकर्ता अशोक नावदी ने बताया कि जो शिक्षा व संस्कार सरकारी स्कूल में बच्चों को मिलते हैं वो अन्य स्कूलों में नहीं मिलते वहां समय और पैसे दोनों की बर्बादी होती है। देश में एक समान शिक्षा नीति लागू होनी चाहिए चाहे अडानी अंबानी का बेटा हो या एक श्रमिक का बेटा सबको समान शिक्षा नहीं मिल पाती देश का उद्धार नहीं हो सकता। बाबा दाता साहब शिक्षा एवं पर्यावरण संरक्षण समिति अध्यक्ष भीमराज मास्टर ने स्कूल को हर तरह से सहयोग करने का भरोसा दिलाया।



अटेली। कक्षा दसवीं का परीक्षा परिणाम में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वालों को सम्मानित करते हुए। फोटो : हरिभूमि



नारनौल। कार्यक्रम में मौजूद कॉलेज के विद्यार्थी। फोटो : हरिभूमि

### वीडी सावरकर की जयंती हिंदुत्व को करती है प्रेरितः यादव

**नारनौल।** महान क्रांतिकारी विनायक दामोदर सावरकर की जयंती यदुवंशी डिग्री कॉलेज में मनाई गई। संस्था निदेशक सुरेश यादव ने बताया कि दामोदर भारत के स्वतंत्रता संग्राम, समाज सुधारक और राष्ट्रवाद के प्रतीक थे, उनके योगदान को हमेशा याद किया जाएगा। उन्होंने भारत जैसे संगठनों व स्वतन्त्रता को मजबूत राष्ट्र बनानें में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। डॉ. प्रदीप यादव ने सावरकर के जीवन से परिचित करवाते हुए कहा कि विनायक दामोदर ने राष्ट्रवाद की भावनाओं को बढ़ावा दिया तथा स्वाधीन भारत के लिए काम किया। प्राचार्य बजरंग लाल ने कहा कि दामोदर एक लेखक, इतिहासकार और विचारक थे। जिन्होंने कई महत्वपूर्ण पुस्तकें और लेख भी लिखे। उपप्राचार्या सोनल यादव ने दामोदर ने जाति व्यवस्था की भावना व अन्य सामाजिक बुराइयों के खिलाफ आवाज उठाने तथा समाज सुधार के लिए लोगों को जागरूक करने का काम किया। यदुवंशी एजुकेशन ग्रुप के चेयरमैन व पूर्व विधायक राव बहादुर सिंह ने समाज सुधारक विनायक दामोदर सावरकर की जयंती पर उन्हें नमन किया।

## बैठक

### ड्रग पेडलिंग गतिविधियों की सूचना 9050891508 व 1933 पर दें

नशा मुक्त भारत अभियान व एनकोड के तहत बैठक आयोजित

# नशीले पदार्थ केवल सेहत के लिए ही नहीं बल्कि पूरे देश के लिए घातक: डीसी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल

मुख्यमंत्री के निर्देश अनुसार हरियाणा को ड्रग फ्री बनाने के उद्देश्य को प्राप्त करने के लिए प्रशासन के साथ साथ सामाजिक स्तर पर भी जिला महेंद्रगढ़ में लगातार जागरूकता कार्यक्रम चलाए जा रहे हैं। इसी कड़ी में बुधवार को उपायुक्त डॉ. विवेक भारती ने लघु सचिवालय में नशा मुक्त भारत अभियान व एनकोड के तहत आयोजित विभिन्न अधिकारियों की बैठक ली। इस मौके पर पुलिस अधीक्षक पूजा वशिष्ठ भी मौजूद थी।

इस अवसर पर डीसी ने कहा कि कुछ युवाओं में नशे की लत एक चुनौती बनकर उभर रही है। इसके प्रति हम सबको अभी से सजग रहना होगा। नशीले पदार्थ केवल सेहत के लिए ही नहीं, बल्कि पूरे समाज और देश के लिए घातक होते हैं। उन्होंने कहा कि हम सबको मिलकर नशा मुक्ति हरियाणा बनाने का संकल्प लेना है। उन्होंने बताया कि नशा पीड़ितों की मदद करने और ड्रग पेडलिंग की गतिविधियों के बारे में जनता से जानकारी एकत्रित करने के लिए सरकार ने एक टोल फ्री नंबर 9050891508 तथा 1933 भी जारी किया है। इसके साथ साथ एक मानस पोर्टल भी बनाया है और इस पोर्टल पर कोई भी व्यक्ति नशा तस्करों या उसमें संलिप्त लोगों की जानकारी दे सकता है, जानकारी देने वाले का नाम गुप्त रखा जाएगा। डीसी ने कहा कि बार्डर एरिया पर भी विशेष फोकस किया जाए, ताकि कोई भी नशीले पदार्थों की तस्करी ना हो। उन्होंने पंचायत स्तर पर खेलों के लिए व बेहतर माहौल बनाने के निर्देश दिए।



नारनौल। अधिकारियों की बैठक लेते डीसी डॉ. विवेक भारती। फोटो : हरिभूमि

### पुलिस टीमें लगातार कर रही है काम: एसपी

*पुलिस अधीक्षक पूजा वशिष्ठ ने कहा कि सभी शिक्षण संस्थानों में बच्चों की एक्टीविटी पर पूरा फोकस किया जाए। वहां पर वे उन बच्चों के अभिभावकों की तरह काम करें। पुलिस की टीमें भी लगातार काम कर रही है। इसके अलावा उपायुक्त ने चिन्हित अपराध को लेकर भी संबंधित अधिकारियों की बैठक ली। इस अवसर पर जिला समाज कल्याण अधिकारी अमित शर्मा ने नशा मुक्त भारत अभियान के संबंध में जिला की रिपोर्ट प्रस्तुत की। इस मौके पर नांगल चौधरी के एसडीएम मनोज कुमार, कनीना के एसडीएम डॉ. जितेंद्र सिंह, एसडीएम रमित यादव, नगराधीश मंजीत कुमार, जेल अधीक्षक संजय बांगड़, जिला न्यायवादी रमणीक यादव के अलावा अन्य अधिकारी भी मौजूद थे।*

### नौ से 15 जून तक चलेगी योग जागरण यात्रा

**नारनौल।** हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने बुधवार को 11वें अंतर राष्ट्रीय योग दिवस के आयोजन की तैयारियों को लेकर वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए राज्य के सभी उपायुक्त के साथ समीक्षा बैठक की। जिला महेंद्रगढ़ में इस संबंध में की गई तैयारियों को लेकर रिपोर्ट प्रस्तुत की। इसके बाद डीसी ने अधिकारियों की बैठक ली तथा आवश्यक दिशानिर्देश दिए। उपायुक्त ने एक पृथ्वी एक स्वास्थ्य के लिए योग थीम पर 21 जून को होने वाले इस कार्यक्रम के संबंध में बताया कि जनभागीदारी को बढ़ाने के लिए नौ से 15 जून तक योग जागरण यात्रा का आयोजन किया जाएगा। इस दौरान लोगों को योग के प्रति जागरूक किया जाएगा। उन्होंने बताया कि एक पृथ्वी एक स्वास्थ्य के लिए योग थीम पर 21 जून को होने वाले इस कार्यक्रम के लिए राज्य तथा खंड स्तर के लिए स्थान का निर्धारण कर लिया गया है।



मंडी अटेली। बजाड पुलिस नाके पर वाटर कूलर का उद्घाटन करते सरपंच प्रतिनिधि व थाना प्रभारी। फोटो : हरिभूमि

### बजाड़ पुलिस नाका पर लगाया वाटर कूलर

**मंडी अटेली।** नेशनल हाईवे 11 पर स्थित बजाड़ पुलिस नाके पर वाटर कूलर का उद्घाटन किया गया। गांव बजाड़ के सरपंच प्रतिनिधि जोगेंद्र बजाड़ व अटेली थाना प्रभारी देवेंद्र कुमार ने वाटर कूलर का रिबन काटकर उद्घाटन किया। वाटर कूलर के रखे जाने से बजाड़ अड्डे पर यात्रियों व मार्ग से गुजरने वाले राहगीरों को शीतल पेयजल मिल सकेगा। इस मौके पर एचजी से राजकुमार, कर्ण सिंह, हाईवे प्रा.लि. के मैनेजर वैभव शर्मा ने बताया कि वाटर कूलर ग्राम पंचायत बजाड़ को भेंट किया है। बजाड़ नाका पुलिस इंचार्ज एएसआई सुरेंद्र कुमार ने बताया कि गर्मी के मौसम में यात्रियों व राहगीरों के लिए स्वच्छ पेयजल की व्यवस्था हुई है, इससे लोगों में हर्ष देखा जा रहा है।

## खबर संक्षेप



### राव जयराम स्कूल में मनाई नेहरू की पुण्यतिथि

**महेंद्रगढ़।** राव जयराम सीनियर सेकेंडरी स्कूल में भारत के प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू की पुण्यतिथि मनाई गई। इस दौरान विद्यालय में एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें निदेशक सुरेंद्र यादव, प्रधानाचार्य नरेंद्र यादव सहित समस्त स्टाफ उपस्थित रहा। कार्यक्रम की शुरूआत पंडित नेहरू के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित करके की गई। निदेशक सुरेंद्र यादव एवं प्रधानाचार्य नरेंद्र यादव ने नेहरू के चित्र के समक्ष श्रद्धासुमन अर्पित किए। प्रधानाचार्य नरेंद्र यादव ने कहा कि पंडित जवाहरलाल नेहरू न केवल भारत के पहले प्रधानमंत्री थे।

### स्कूटी व बाइक की टक्कर में बाइक सवार घायल

**मंडी अटेली।** अटेली क्षेत्र के शिव मंदिर के पास स्कूटी व बाइक की टक्कर हो गई। टक्कर इतनी जोरदार थी कि बाइक सवार घायल हो गया। खारीवाड़ा निवासी दिनेश कुमार ने पुलिस में दर्ज शिकायत में बताया कि वह ड्राईवरी का कार्य करता है। गत 11 मई को सायं साढ़े आठ बजे उसकी बाइक से अटेली से उसके घर आ रहा था। जब वह शिव मन्दिर समीप पाईप फैक्ट्री के पास पहुंचा तो सामने से चालक ने स्कूटी को तेज गति से चला कर बाइक को टक्कर मार दी।

### भगवान परशुराम पार्क सतनाली में बैठक आज

**सतनाली मंडी।** भगवान परशुराम पार्क सतनाली में वीरवार को बैठक का आयोजन किया जाएगा। इस अवसर पर महाराणा प्रताप जयंती अवसर पर पुष्प अर्पित किए जाएंगे और इसके बाद सोसायटी की बैठक का आयोजन किया जाएगा। भगवान परशुराम वेलफेयर सोसायटी सतनाली प्रधान शिवकुमार शास्त्री ने यह जानकारी देते हुए बताया कि कार्यक्रम का आयोजन सायं साढ़े चार बजे किया जाएगा।

*चौथी तिमाही में कंपनी को 280 करोड़ का शुद्ध*

# बीएसएनएल ने 18 साल बाद उल्लेखनीय वित्तीय मुकाम किया हासिल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल

सरकारी टेलीकॉम कंपनी भारत संचार निगम लिमिटेड (बीएसएनएल) ने इतिहास रच दिया है। वित्त वर्ष 2024-25 की चौथी तिमाही (जनवरी से मार्च) में कंपनी ने 280 करोड़ रुपये का शुद्ध मुनाफा दर्ज किया है। इससे पहले तीसरी तिमाही में भी बीएसएनएल ने 262 करोड़ का फायदा कमाया था। यह पहली बार है जब बीएसएनएल ने लगातार दो तिमाहियों में मुनाफा कमाया है। बता दें कि फाइनेंशियल ईयर 2024 की इसी तिमाही में कंपनी को 849 करोड़ रुपये का घाटा हुआ था।

यहां पर आपको बता दें कि भारत संचार निगम लिमिटेड (बीएसएनएल) 100 प्रतिशत केंद्र सरकार की इकाई है। बीएसएनएल वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए अपने उत्कृष्ट वित्तीय प्रदर्शन की घोषणा करते हुए रोमांचित है, क्योंकि 18 वर्षों के बाद बीएसएनएल ने उत्कृष्टता व ग्राहक संतुष्टि के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को प्रदर्शित करते हुए लगातार दो तिमाही लाभ दर्ज किए हैं। बीएसएनएल को फाइनेंशियल ईयर 2024-25 की तीसरी तिमाही में 262 करोड़ रुपये का लाभ हुआ है। वहीं चौथी तिमाही में कम्पनी को 280 करोड़ रुपये का लाभ हुआ। फाइनेंशियल ईयर 2024-25 में परिचालन लाभ 5395 करोड़ रुपये हुआ है, जो कि पिछले वर्ष के मुकाबले 2164 करोड़ से दोगुना से भी अधिक है।

**बीएसएनएल कर रहा है मेड इन इंडिया फोर जी नेटवर्क तैयार:** बीएसएनएल पूरे देश में बड़े पैमाने पर अपना खुद का मेड-इन-इंडिया फोर जी नेटवर्क तैनात कर रहा है। जिसके बाद फाइव जी तकनीक भी आएगी। बीएसएनएल की फाइबर-टू-द-होम सेवा भी कमाई के लिए गेम-चेंजर रही है, जो किफायती कीमतों पर हाई-स्पीड इंटरनेट प्रदान करती है। फाइबर-टू-द-होम अब महेंद्रगढ़/नारनौल जिले के हर गांव व शहर में उपलब्ध है। इसके लिए ग्राहक हमारे निकटतम बीएसएनएल कार्यालय में जाकर या डब्ल्यूडब्ल्यूडब्ल्यू डॉट बुक माई फाइबर डॉट बीएसएनएल डॉट सीओ डॉट इन पर ऑनलाइन बुकिंग करके फाइबर-टू-द-होम सेवा प्राप्त करने का लाभ उठा सकते हैं।

### कड़ी मेहनत व समर्पण का परिणाम

*इस उल्लेखनीय बदलाव की रिपोर्ट करते हुए खुशी हो रही है, जो हमारी टीम की कड़ी मेहनत व समर्पण का प्रमाण है। अपने ग्राहकों को असाधारण सेवाएं प्रदान करने व देश के डिजिटल विकास में योगदान देने के लिए प्रतिबद्ध हैं। भारत संचार निगम लिमिटेड (बीएसएनएल) एक 100 प्रतिशत केंद्र सरकार की इकाई है, जो मोबाइल, फिक्स्ड-लाइन, ब्रॉडबैंड व लीज लाइन आदि सहित दूरसंचार सेवाओं की एक विस्तृत श्रृंखला प्रदान करती है।*

*-रामशरण पलसानिया, मंडल अभियंता बीएसएनएल नारनौल*

### फोर जी रोलआउट ने बदली तस्वीर

बीएसएनएल के इस टर्नअराउंड के पीछे सबसे बड़ा कारण रहा है, उसका फोर जी सर्विस का लॉन्च। जिससे मोबाइल सेवाओं से कंपनी की कमाई में जबरदस्त इजाफा हुआ है। इसके अलावा फाइबर-टू-द-होम से भी 10 फीसदी की बढ़त दर्ज की गई है, जबकि एंटरप्राइज सेवाओं से 4,096 करोड़ की कमाई हुई है। बीएसएनएल ने फाइनेंशियल ईयर 2025 में 26000 करोड़ से ज्यादा का पूंजीगत निवेश किया। इसमें 15000 करोड़ उपकरण व टावर तथा 10000 करोड़ स्पेक्ट्रम खरीद में लगे, 98000 से ज्यादा फोर जी टावर लगाए गए हैं। वहीं, कंपनी अब फाइव जी की भी टेस्टिंग कर रही है। जयपुर, लखनऊ, भोपाल, कोलकाता, पटना, चेन्नई जैसे शहरों में ट्रायल शुरू हो चुके हैं।

## बस से महंगी रेल सेवा, रिहायत व फ्री कैटेगरी वालों से वसूल रहे किराया

# 30 किलोमीटर से कम सफर करने वाले यात्रियों से वसूल रहे 30 रुपये किराया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महेंद्रगढ़

गरीब वर्ग का सहारा कहीं जाने वाली रेलसेवा अब महंगी हो गई है। रेल में अब यात्रियों को बस से अधिक किराया देना पड़ रहा है। 30 किलोमीटर से कम दूरी तक का रेल में सफर करने वाले यात्रियों से भी 30 रुपये किराया वसूल किया जा रहा है। कोरोना महामारी के समय मार्च 2020 में देशभर में ट्रेनों का संचालन बंद कर दिया गया था। कुछ माह बाद धीरे-धीरे ट्रेनों का संचालन शुरू कर दिया गया था। रेल विभाग ने कोरोना महामारी का हवाला देते हुए ट्रेन किराया बढ़ा दिया गया था। लेकिन अब कोरोना महामारी को खत्म हुए दो साल से अधिक समय बीत चुका है। लेकिन यात्रियों से अब रेल विभाग की ओर से अतिरिक्त किराया वसूल किया जा रहा है। इसके अलावा पिछले वर्ष 200 किलोमीटर से अधिक सफर करने वाली पैंसेजर ट्रेनों को एक्सप्रैस कर दिया गया था। जिस कारण यात्री को एमएसटी सुविधा का लाभ भी नहीं मिल रहा है। क्योंकि अधिकांश एक्सप्रैस ट्रेन में एमएसटी की सुविधा नहीं होती। महेंद्रगढ़ रेलवे स्टेशन से प्रतिदिन 12 ट्रेन होकर गुजरती है। जिसमें से केवल 4 ट्रेन में ही एमएसटी की सुविधा है। जिन ट्रेन में एमएसटी की सुविधा दी हुई है उनका संचालन रात के समय होता है। इसलिए यात्री एमएसटी का लाभ नहीं ले पा रहें है। महेंद्रगढ़ से यह होकर गुजरती है ट्रेन

दिल्ली गंगानगर गाड़ी संख्या 14727 का सुबह छह बजे दिल्ली से रवाना होकर 9:55 मिनट पर महेंद्रगढ़ पहुंचती है तथा गंगानगर से चलकर सुबह 4 बजे महेंद्रगढ़ पहुंचती है। गाड़ी संख्या 04327-28 सीकर रेवाड़ी रात साढ़े 12 बजे महेंद्रगढ़ पहुंचती है। गाड़ी संख्या 04351-52 दिल्ली रेवाड़ी सुबह 8:30 बजे महेंद्रग़ढ़ पहुंचती है। रेवाड़ी-हिसार गाड़ी संख्या 04367 रेवाड़ी से चलकर 9:30 पर महेंद्रगढ़ पहुंचती है तथा वापसी के समय शाम को 6:37 महेंद्रगढ़ से रेवाड़ी के लिए रवाना होती है। बीकानेर रेवाड़ी गाड़ी संख्या 04789 बीकानेर से चलने के बाद रात को 9:30 बजे महेंद्रगढ़ पहुंचती है वापस रेवाड़ी होते हुए महेंद्रगढ़ से सुबह 5:30 बजे बीकानेर के लिए रवाना होती है। जोधपुर रेवाड़ी गाड़ी संख्या 14823 जोधपुर से चलकर रात 1:15 बजे महेंद्रगढ़ पहुंचती है तथा वापसी के समय रेवाड़ी से चलकर महेंद्रगढ़ रात दो बजे जोधपुर के लिए रवाना होती है। अभी केवल बीकानेर रेवाड़ी तथा जोधपुर रेवाड़ी ट्रेन में ही एमएसटी की सुविधा उपलब्ध है।



**महेंद्रगढ़।** रेलवे स्टेशन। फोटो : हरिभूमि

### महेंद्रगढ़ से नांगलमूंदी तक लगते है 30 रुपये

कोरोना महामारी के बाद रेलवे विभाग की ओर से ट्रेन का किराया बढ़ा दिया गया था। महेंद्रगढ़ रेलवे स्टेशन से बुचावास तक ट्रेन में 10 रुपये किराया लगता है। जबकि कनीना खास स्टेशन तक 30 रुपये लगते थे। जबकि यात्रियों को बस में सफर करने पर केवल 20 रुपये खर्च करने पड़ते है। महेंद्रगढ़ से नांगल मूंदी तक रेल में यात्रियों को 35 रुपये खर्च करने पड़ते है। इसी प्रकार रेवाड़ी से बुचावास तक यात्रियों को 30 रुपये किराया देना पड़ रहा है।

### सौंपा जाएंगा ज्ञापन

दैनिक यात्री महासघ के अध्यक्ष रामनिवास पाटोदा का कहना है कि कोरोना महामारी के बाद रेलवे विभाग की ओर से ट्रेनों का किराया बढ़ा दिया गया था। जल्द की रेलवे मंत्री को ज्ञापन सौंपकर ट्रेन का किराया सामान्य करने तथा एमएसटी की सुविधा शुरू करने की मांग की जाएंगी। इसके अलावा रेल मंत्री से जिन रेलवे की यात्रियों की दी जाने वाली रिहायती व फ्री सेवा की सुविधाएं शुरू कराने की मांग की जाएंगी।

# बसपा नेता के जन्मदिन पर गोशाला में लगाई सवामणि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल

प्रजा भलाई संगठन के सुप्रीमो प्रमुख समाजसेवी नेताजी अतरलाल एडवोकेट का जन्मदिवस कार्यकर्ताओं ने भलाई दिवस के रूप में मनाया गया। इस अवसर पर कार्यकर्ताओं ने जगह जगह पर कार्यक्रम आयोजित कर नेताजी अतरलाल को जन्मदिवस की शुभकामनाएं दी तथा उनके स्वस्थ्य एवं सुदीर्घ जीवन की कामना की। महंत लक्ष्मणगिरी विकलांग गोशाला बूचावास में ललित योगी, पवन प्रजापत, मनोज कौशिक, राकेश यादव, पवन तंवर, दिनेश सिंह आदि कार्यकर्ताओं ने गायों के लिए सवामणी लगाई।

इसी प्रकार गांव खेड़ी, तलवाना, बास, धनौन्दा, उन्हाणी और खरकड़ा में कार्यकर्ताओं ने नेताजी अतरलाल के जन्मदिवस के उपलक्ष्य में वीर शहीदों की मूर्तियों की साफ सफाई कर उन पर धूप दीप प्रज्वलित किए तथा शहीदों को नमन किया। साहिल, टिंकू, अतरपाल, सुरेश, उमेद यादव, राकेश, ओपी यादव, पवन धनखड़, राजबीर गौड़, बीरसिंह, जोनी आदि कार्यकर्ताओं ने केक काटकर एक दूसरे का मुंह मीठा करवाया। आशुतोश शास्त्री, नरेन्द्र कौशिक, पहलाद सिंह, नवीन जांगड़ा, मुकेश यादव, सतेन्द्र सिंह आदि कार्यकर्ताओं ने नेताजी अतरलाल के जन्मदिन पर स्कूली बच्चों को ओआरएस घोल, फ्रूट जूस वितरित कर सभी को नेताजी अतरलाल के जन्मदिवस की बधाई दी। प्रशांत, सोनू, अमित, शेरसिंह, दिनेश पंच आदि कार्यकर्ताओं ने नेताजी अतरलाल के जन्मदिवस पर त्रिवेणी लगाकर सम्पूर्ण विश्व के कल्याण की कामना की।


**नारनौल।** नेताजी अतरलाल के जन्मदिवस पर गोशाला में गोवंश को चारा खिलाते कार्यकर्ता।

### आरबीएस कॉलेज में नव प्रवेश की विधिवत शुरुआत

**नारनौल।** थनवास स्थित आरबीएस डिग्री कॉलेज में नए आवेदनों की विधिवत शुरूआत यदुवंशी ग्रुप के चेयरमैन राव बहादुर सिंह व डायरेक्टर सुनीता यादव ने की। इन्होंने मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर शुरूआत की। बता दें कि आरबीएस डिग्री कॉलेज यदुवंशी ग्रुप ऑफ एजुकेशन के चेयरमैन राव बहादुर सिंह के नाम से संचालित है।यह संस्था 2020 के नियमों से संचालित है। इस संस्था में बीए, बीएससी, बीकॉम तथा अन्य कोर्सेज करवाए जाते हैं। इस अवसर पर नव प्रवेशित छात्राओं का तिलक लगाकर स्वागत किया गया। यदुवंशी ग्रुप के चेयरमैन राव बहादुर सिंह ने सभी छात्र छात्राओं को उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी। डायरेक्टर सुनिता यादव ने कहा कि यहां प्रवेश लेने वाले सभी छात्र छात्राओं को चेयरमैन स्कॉलरशिप प्रदान की जाएगी। इस मौके डॉ. प्रदीप यादव, डॉ. सुनील यादव, सुनील सैनी, सुनील डीपीई, सुरेश सैनी मौजूद रहे।


**नारनौल।** आरबीएस कॉलेज में मां सरस्वती की पूजा करते हुए। फोटो : हरिभूमि

# हैप्पी स्कूल में लगाया प्रशिक्षण शिविर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महेंद्रगढ़

हैप्पी एवरग्रीन सीनियर सेकेंडरी स्कूल में एक दिवसीय योग प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें हीना गौड़ मुख्य योग प्रशिक्षिका के रूप में उपस्थिति रही, जो एक योग अध्यापिका के रूप में कार्यरत है। साथ ही जिला स्तर पर गोल्ड मेडलिस्ट के रूप में जानी जाती है। इस प्रशिक्षण शिविर में कक्षा नौवीं और 10वीं के छात्र-छात्राओं में हिस्सा लिया। विंग प्रभारी ईश्वर सिंह ने बताया कि ग्रीष्मकालीन अवकाश के दौरान हमारे विद्यार्थी किस प्रकार योग अभ्यास करके शरीर और मन मस्तिष्क को स्वस्थ रख सकते हैं। प्राचार्य डॉ. जेएस कुंतल, प्रबंध निदेशक मनीष अग्रवाल और मैनेजर चंचल अग्रवाल ने योग का महत्त्व स्वीकार करते हुए बताया कि योग विद्यार्थियों के लिए शारीरिक, मानसिक और भावनात्मक स्वास्थ्य को बेहतर बनाने का एक उपयोगी साधन है। यह एकाग्रता, ध्यान और आत्म-जागरूकता को बढ़ाता है, जिससे वे पढ़ाई में बेहतर प्रदर्शन कर सकते हैं और तनाव को प्रबंधित कर सकते हैं। संचालक सुभाष चंद्र अग्रवाल और उपसंचालिका कौशल्या अग्रवाल ने कहा कि योग आत्म-जागरूकता को बढ़ाता है, जिससे छात्रों को अपने विचारों और भावनाओं को बेहतर ढंग से समझने में मदद मिलती हैं। यह आत्म-सम्मान और आत्मविश्वास को भी बढ़ावा देता है। योग के माध्यम से, विद्यार्थी अपने जीवन में एक समग्र और सकारात्मक दृष्टिकोण विकसित कर सकते हैं। यह उन्हें तनाव और चिंता को कम करने, अपनी एकाग्रता और ध्यान को बढ़ाने और अपने समग्र कल्याण में सुधार करने में मदद करता है।


**महेंद्रगढ़।** शिविर में योग की क्रियाएं करते हुए। फोटो : हरिभूमि

### शहरपुर में शनि महाराज की मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा 31 को

**नारनौल।** गांव शहरपुर के शिव मंदिर में 31 मई को शनि देव महाराज की मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा का आयोजन किया जाएगा। प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर शोभायात्रा, हवन व भंडारे भी होगा। इस संबंध में जानकारी देते हुए मंदिर कमेटी के प्रधान सूबेदार टीसी यादव ने बताया कि 31 मई को गांव शहरपुर के शिव मंदिर में शनि देव महाराज की मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा पर विभिन्न कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने बताया कि मूर्ति स्थापना से पूर्व ग्रामीणों की ओर से गांव में शोभा यात्रा निकाली जाएगी। इसके उपरांत मंदिर प्रांगण में हवन का आयोजन किया जाएगा। जिसमें ग्रामीणों की ओर से आहुति देकर शनि देव महाराज की मूर्ति स्थापित की जाएगी। मूर्ति स्थापित होने के बाद भंडारे का आयोजन किया जाएगा।

# स्पेशल चेकिंग अभियान: 155 वाहनों के काटे चालान, 3 को किया इंपाउंड

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल

पुलिस ने स्पेशल चैकिंग अभियान चलाकर नाकाबंदी कर वाहनों की सघनता से चेकिंग की। इस दौरान पुलिस टीमों ने 155 वाहनों के चालान काटे व तीन वाहनों को इंपाउंड किया। पुलिस अधीक्षक पूजा वशिष्ठ के निर्देशानुसार पुलिस ने जिलेभर में वाहन चेकिंग अभियान चलाया।

पुलिस टीमों ने विभिन्न नाकों पर बैरिकेड लगाकर वाहनों की गहनता से जांच की। इस दौरान विशेष दोपहिया वाहनों को रोककर उनके कागजात जैसे ड्राइविंग लाइसेंस, रजिस्ट्रेशन सर्टिफिकेट व बीमा आदि की जांच की गई। साथ ही वाहनों में संदिग्ध वस्तुओं की तलाश भी की गई। इसके अतिरिक्त अन्य वाहनों की भी चेकिंग की गई। चेकिंग के दौरान 155 वाहनों के चालान किए गए व तीन वाहनों को इंपाउंड किया गया।

इस विशेष चेकिंग अभियान के दौरान यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले कई वाहन चालकों के खिलाफ कार्रवाई की गई। इनमें बिना हेलमेट, बिना नंबर प्लेट वाहन चलाने, बिना वैध कागजात के वाहन चलाने और अन्य यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले शामिल थे।

पुलिस ने संदिग्ध वाहनों को खुलवाकर सर्च भी किया। चेकिंग के दौरान कुछ वाहन बिना नंबर प्लेट के भी मिले, जिनकी सघनता से चेकिंग की गई। पुलिस ने मौके पर ही चालान काटे और कुछ मामलों में वाहनों को जब्त भी किया। पुलिस प्रवक्ता सुमित कुमार ने बताया कि पुलिस की ओर से किसी भी आपात स्थिति से निपटने, अपराध को अंजाम देकर भागने वाले अपराधी को पकड़ने व अपराधों की रोकथाम हेतु तुरंत कार्रवाई के लिए सीलिंग प्लान के तहत जिले में विभिन्न स्थानों पर नाके लगाकर चेकिंग की गई। सीलिंग प्लान के तहत पुलिस ने विभिन्न थाना क्षेत्र में अलग अलग स्थानों पर चेकिंग लगाकर वाहनों को चेक किया। इस दौरान पुलिस ने वाहन के पेपर, चालक का डीएल, नंबर प्लेट और वाहनों की डिग्गी आदि की चेकिंग की।


**नारनौल।** अभियान के दौरान वाहन की जांच करती पुलिस। फोटो : हरिभूमि

# सिविल डिफेंस वालंटियर के लिए पंजीकरण अभियान चलाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल

खंड नांगल चौधरी के ब्रिगेड ऑफिसर की टीम ने बुधवार खंड के विभिन्न विद्यालयों एवं महाविद्यालयों में सिविल डिफेंस वालंटियर के लिए पंजीकरण चलाया। इस संदर्भ में जानकारी देते हुए खंड टीम का नेतृत्व कर रहे ब्रिगेड अधिकारी डॉ. संजय शर्मा ने बताया कि उपायुक्त डॉ. विवेक भारती के निर्देश डीईओ संतोष चौहान के नेतृत्व में जिले भर में सिविल डिफेंस वालंटियर के लिए पंजीकरण अभियान चलाया जा रहा है। खंड नांगल चौधरी में यह अभियान 27 से 30 मई तक चलेगा।

विस्तृत जानकारी देते हुए टीम के सदस्य डॉ. जितेन्द्र भारद्वाज व प्रवक्ता अशोक कुमार ने बताया कि जिला प्रशासन एवं रेड क्रॉस तथा माय भारत विभाग द्वारा गठित खंड स्तरीय टीम ने बुधवार राजकीय महाविद्यालय नांगल चौधरी, राजकीय कन्या महाविद्यालय नांगल चौधरी, राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय नायन और मुसनौता का दौरा कर वहां सिविल डिफेंस वालंटियर के लिए पंजीकरण के लिए अभियान चलाया। नायन स्कूल में बोलते हुए प्रवक्ता अशोक कुमार ने कहा कि किसी भी आपात स्थिति में राहत एवं बचाव कार्य में सिविल डिफेंस की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण होती है।

अपने संबोधन में डॉ. जितेन्द्र भारद्वाज ने कहा कि सिविल डिफेंस वालंटियर बनना सम्मानजनक और जिम्मेदारीपूर्ण कार्य है। यह सेवा पूर्णतः निःस्वार्थ होती है।

ब्रिगेड अधिकारी दितेंद्र यादव एवं राकेश कुमार ने बच्चों को प्रेरित करते हुए कहा कि सिविल डिफेंस वालंटियर बनना जिम्मेदारी और सम्मान का काम है जिसमें वालंटियर संकट के समय जरूरतमंदों की मदद करते हैं। ब्रिगेड अधिकारी एवं प्रवक्ता त्रिभुवन वर्मा ने कहा कि सिविल डिफेंस वालंटियर राष्ट्र पर आपदा के समय एक सैनिक की भांति कार्य करते है। देश क्ले प्रत्येक नागरिक के लिए यह अनिवार्य होना चाहिए।


**नारनौल।** पंजीकरण करते हुए ब्रिगेड ऑफिसर। फोटो : हरिभूमि

### 10 अधिकारियों की टीम कर रही पंजीकरण

**नांगल चौधरी ।** खंड की टीम के प्रभारी डॉ. संजय शर्मा ने बताया की 10 ब्रिगेड ऑफिसर्स की टीम क्षेत्र में पंजीकरण का कार्य कर रही है जो विभिन्न स्कूलों में जाकर डेटा कलेक्शन, पंजीकरण और प्रेरणा का कार्य कर रही है। इस टीम में प्रभारी डॉ. संजय शर्मा, शाहबाजपुर से प्रवक्ता अशोक कुमार, कांवी से प्रवक्ता डॉ. जितेन्द्र भारद्वाज, नांगल दर्गू से त्रिभुवन वर्मा, थनवास से दितेंद्र यादव एवं राकेश कुमार, नायन से प्रदीप कुमार, दोखेरा से नरेंद्र कुमार, ढाणी बंधा वाली से संजय योगी, सका से सत्यवान सिंह शामिल है। टीम के अधिकारी माय भारत पोर्टल पर विद्यार्थियों एवं स्टाफ को पंजीकरण का डेमो देकर अधिक से अधिक से पंजीकरण के लिए प्रेरित कर रहे हैं। प्रत्येक चयनित स्कूल से 40 और कॉलेज से 100 विद्यार्थियों का डेटा एकत्र किया जा रहा है।

### 40 विद्यार्थियों को किया पंजीकरण

राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय नांगल चौधरी में ब्रिगेड ऑफिसर प्रवक्ता प्रदीप यादव द्वारा 40 विद्यार्थियों का पंजीकरण किया गया। जिसमें विद्यार्थियों को बताया गया कि आपकी सेवाएं देश में किसी भी समय व किसी भी प्रकार की आपदा के दौरान ली जाएगी। इस मौके पर स्कूल प्राचार्य बस्तीराम, उमेश कुमार, विजयपाल, विक्रम सिंह, कृष्ण कुमार उपस्थित रहे।


**महेंद्रगढ़।** कार्यक्रम में छात्राओं को जागरूक करती डॉ. प्रभा यादव। फोटो : हरिभूमि

### बीआर स्कूल में विश्व मासिक धर्म स्वच्छता दिवस पर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन

**महेंद्रगढ़।** बीआर स्कूल सेहलंग में बुधवार को विश्व मासिक धर्म स्वच्छता दिवस पर एक विशेष जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य विद्यालय की छठी से 12वीं कक्षा की छात्राओं को मासिक धर्म स्वच्छता के महत्व और इससे जुड़ी सही जानकारी के प्रति जागरूक करना था। कार्यक्रम में मुख्यातिथि डॉ. प्रभा यादव ने छात्राओं के साथ मासिक धर्म पर एक खुली और स्पष्ट चर्चा की। उन्होंने मासिक धर्म को एक प्राकृतिक और सामान्य शारीरिक प्रक्रिया के रूप में समझाया और इससे जुड़ी गलत धारणाओं, जैसे कि अशुद्धता या शर्म को दूर करने पर जोर दिया। उन्होंने छात्राओं को मासिक धर्म के दौरान व्यक्तिगत स्वच्छता बनाए रखने के सही तरीकों, सेनेटरी पैड के उचित निपटान और संभावित स्वास्थ्य समस्याओं के संकेतों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उपप्राचार्य ज्योति भारद्वाज ने छात्राओं को इस महत्वपूर्ण विषय पर खुलकर बात करने और किसी भी प्रकार की झिझक को त्यागने के लिए प्रोत्साहित किया। विद्यालय चेयरमैन हरीश भारद्वाज ने सभी अतिथियों, डॉ. प्रभा यादव, ज्योति भारद्वाज और सभी छात्राओं का इस महत्वपूर्ण पहल को सफल बनाने के लिए धन्यवाद किया। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि ऐसे जागरूकता कार्यक्रम समाज में सकारात्मक बदलाव लाने के लिए अत्यंत आवश्यक हैं।

# बाहरी राज्यों से आई महिलाएं परेशान, फैमिली आईडी बनी बाधा

- सीईटी आवेदन शुरू, जाति प्रमाण पत्र बनवाने में अड़चनें: आरक्षण का लाभ खोने का डर, सरकार से समाधान की मांग
- हरिभूमि टीम पिछले छह माह से बाहरी राज्यों से आई महिलाओं की उठा रहा मांग

सतीश सैनी ⏭ नारनौल

हरियाणा में कॉमन एलिजिबिलिटी टेस्ट के लिए आवेदन प्रक्रिया बुधवार से शुरू हो गई है लेकिन कई अभ्यर्थियों को जाति प्रमाण पत्र बनवाने में मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा है। इसका मुख्य कारण परिवार पहचान पत्र योजना है जिसके तहत जाति प्रमाण पत्र के लिए माता-पिता की फैमिली आईडी अनिवार्य कर दी गई है। यह नियम उन महिलाओं के लिए समस्या बन गया है जिनकी शादी अन्य राज्यों से हरियाणा में हुई है क्योंकि उनके माता-पिता के पास हरियाणा की फैमिली आईडी नहीं होती।

## यूं समझें उदाहरण...

मोनिका यादव जो राजस्थान से हरियाणा आई है। उन्होंने बताया कि पीहर की फैमिली आईडी न होने के कारण उनका जाति प्रमाण पत्र नहीं बन पा रहा है। इस वजह से उन्हें सीईटी फॉर्म में मजबूरन सामान्य श्रेणी में आवेदन करना होगा जबकि वे पिछड़े वर्ग से आती है। यह समस्या उन सभी पिछड़ा वर्ग के अभ्यर्थियों के लिए है जिनके पास जाति प्रमाण पत्र नहीं है क्योंकि सरकारी भर्तियों में उन्हें आरक्षण का लाभ नहीं मिल पाता है।



नारनौल। सीएससी सेंटर पर जाति प्रमाण पत्र बनवाने की जानकारी लेते नागरिक।

*अन्य राज्यों से आईं महिलाओं को आरक्षण से वंचित होना पड़ेगा:* परिवार पहचान पत्र योजना का उद्देश्य नागरिकों को सुविधा देना था लेकिन यह नियम अनजाने में बाधा बन गया है। अन्य राज्यों से हरियाणा में ब्याह कर आने वाली महिलाओं को फैमिली आईडी में जोड़ने के लिए उनके माता-पिता का आधार कार्ड या मृत्यु प्रमाण पत्र अनिवार्य कर दिया गया है। इसके बाद भी उन्हें जाति प्रमाण पत्र, ओबीसी सर्टिफिकेट या ईडब्ल्यूएस सर्टिफिकेट बनवाने में दिक्कतें आ रही है। जानकारी के अनुसार जाति प्रमाण पत्र बनवाने के लिए माता-पिता की फैमिली आईडी होना जरूरी है जो अन्य राज्यों में परिवार पहचान पत्र योजना लागू न होने के कारण उपलब्ध नहीं है।

### सरकारी योजनाओं के लिए परिवार पहचान पत्र अनिवार्य

प्रदेश में सरकारी नौकरी के आवेदन से लेकर फसल पंजीकरण, विवाह पंजीकरण, मकान मरम्मत, पुलिस चरित्र प्रमाण पत्र, हरियाणा निवास प्रमाण पत्र, आय प्रमाण पत्र, हरियाणा बोर्ड के डुप्लीकेट दस्तावेज, छात्रवृत्ति और अन्य महत्वपूर्ण दस्तावेजों के लिए परिवार पहचान पत्र अनिवार्य कर दिया गया है। यदि किसी के पास फैमिली आईडी नहीं है तो वह हरियाणा राज्य की किसी भी सरकारी योजना का लाभ नहीं ले सकता।

### सीईटी आवेदन की अंतिम तिथि 12 जून

हरियाणा स्टाफ सिलेक्शन कमीशन ने कॉमन एलिजिबिलिटी टेस्ट का नोटिफिकेशन जारी कर दिया है। युवा बुधवार से वन टाइम रजिस्ट्रेशन के लिए आवेदन कर सकते है। आवेदन की अंतिम तिथि 12 जून की रात 11:59 बजे तक है यानी अभ्यर्थियों को केवल 16 दिन का समय मिलेगा। फीस जमा करने की अंतिम तिथि 14 जून की शाम छह बजे तक है।

### परीक्षा के लिए एक अप्रैल के बाद का सर्टिफिकेट जरूरी

सीईटी परीक्षा का फॉर्म भरने के लिए हरियाणा वासियों को परिवार पहचान पत्र की जरुरत होती है। परिवार पहचान पत्र के द्वारा ही अभ्यर्थी का नाम, पिता का नाम, माता का नाम, जन्म तिथि सहित जाति का विवरण भी उठाता है जिसको अभ्यर्थी बदल नहीं सकता है। सबसे पहले तो अपनी दसवीं की मार्कशीट के अनुसार ही परिवार पहचान पत्र में नाम, पिता का नाम, माता का नाम, जन्म तिथि और जाति सत्यापन होना जरूरी है। ऐसे अभ्यर्थियों को चिंता सत्ता रही है जिनके परिवार पहचान पत्र में माता पिता के नाम में अशुद्धि है उनका नागरिक संसाधन सूचना विभाग द्वारा जाति प्रमाण पत्र जारी नहीं किया जा रहा है। सीईटी फॉर्म में एक अप्रैल के बाद का जाति प्रमाण पत्र को अपलोड किया जाना जरूरी होता है।

*पिता के नाम में विभिन्नता:* नागरिक रोनित यादव का कहना है कि उसकी शैक्षणिक सर्टिफिकेट में पिता का नाम और उसके पिता के रिकॉर्ड में नाम की थोड़ी सी विभिन्नता है। जिसकी वजह से परिवार पहचान पत्र द्वारा जाति प्रमाण पत्र जारी नहीं किया जा रहा है। इस वजह से उसे नौकरी फॉर्म और पढ़ाई में आरक्षण नहीं मिल रहा है। उसने बताया कि पढ़ाई के दौरान स्कूल में पिता के नाम में थोड़ी गलती हो गई जो अब मुझे परेशान कर रही है। मेरी स्कूल सर्टिफिकेट में पिता के नाम की स्पेलिंग में एक अक्षर का अंतर है।

*बहन भाई के अभिभावक के नाम में अंतर:* भाई के रिकॉर्ड में माता का नाम बनारसी और बहन के रिकॉर्ड में नाम बनारसी देवी है जबकि माता के रिकॉर्ड में बनारसी है। नागरिक अनिल कुमार का कहना है कि इस तरह केवल उसका ही जाति प्रमाण पत्र जारी किया जा रहा है। इस तरह उसकी बहन को सरकार द्वारा दिए जा रहे आरक्षण का फायदा नहीं मिल रहा है। उसका कहना है सरकार की ऑफलाइन पॉलिसी ही अच्छी थी।

*जाति प्रमाण पत्र भारतीय संविधान के विभिन्न अनुच्छेदों के तहत होते है जारी:* हरियाणा में जाति प्रमाण पत्र भारतीय संविधान के अनुच्छेद 15(4), अनुच्छेद 16(4) और अनुच्छेद 46 जैसे विभिन्न अनुच्छेदों और संबंधित नियमों के तहत जारी किए जाते है। ये अनुच्छेद सामाजिक और शैक्षणिक रूप से पिछड़े वर्गों के लिए आरक्षण और विशेष प्रावधानों से संबंधित है। इसके अतिरिक्त, अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति संशोधन आदेश 1950 और अन्य पिछड़ा वर्ग की सूची जैसे नियम भी जाति प्रमाण पत्र के लिए प्रासंगिक है।

## रोडवेज बस व अन्य वाहन जाम में फंसे, सवारियों को हुई परेशानी

# बांयल गांव में 6 दिनों से गहराया पेयजल संकट, ग्रामीणों ने सड़क पर लगाया जाम

- निगम के एसडीओ ने जल्द बिजली सप्लाई चालू करने के आश्वासन पर सड़क मार्ग को किया बहाल

हरिभूमि न्यूज ⏭ निजामपुर

बांयल गांव में बीते छह दिनों से बिजली सप्लाई ठप पड़ी है। जिस कारण पेयजल संकट बना हुआ है। परेशान ग्रामीणों ने विभागीय अधिकारियों को समस्या से अवगत करवा दिया। इसके बावजूद उन्होंने बिजली सप्लाई को बहाल नहीं किया। जिससे आक्रोशित ग्रामीणों ने सुबह बैठक का आयोजन किया। जिसमें सर्वसम्मति से सड़क जाम करने का निर्णय लिया। सुबह करीब 10 बजे सड़क पर अवरोध डालकर यातायात को जाम कर दिया। निगम के एसडीओ हितेश गोयल ने शाम तक लाइनों की रिपेयर कराने तथा बिजली चालू करने का भरोसा दिया। जिससे संतुष्ट ग्रामीणों ने यातायात मार्ग को बहाल कर दिया।

रामवतार, जगदीश, बीरबल, मनोज, विनोद, विक्रम, तेजाराम, होशियार सिंह, रामसिंह, सुबेसिंह, होशियार, राकेश, सुभाष, ओमप्रकाश व लालाराम ने बताया कि करीब छह दिन पहले अंधड़ तथा बारिश हुई थी। जिसमें गांव की बिजली सप्लाई फाल्ट हो गई, कुछ पोल टूट गए, जिस कारण गांव में अंधेरे की स्थिति बनी हुई है। बिजली सप्लाई के आभाव में पेयजल आपूर्ति भी ठप पड़ी है। पानी के आभाव में ग्रामीणों को टैंकरों से पानी का प्रबंध करना पड़ रहा है। आर्थिक रूप से कमजोर लोग टैंकरों से पानी खरीदने में सक्षम नहीं, इसलिए उन्हें दूर दराज के कृषि बोरवेलों से पानी भरना पड़ रहा है। सूचना पाकर निजामपुर थाना से एएसआई राकेश कुमार पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे तथा उच्चाधिकारियों की मदद से जल्द ही समाधान कराने का आश्वासन दिया, लेकिन आक्रोशित ग्रामीण निगम के अधिकारियों को मौके पर बुलाने की जिद पर अड़ गए। इसके बाद करीब 11 बजे बिजली निगम के एसडीओ हितेश गोयल व कनिष्ठ अभियंता जाम स्थल पर पहुंचे। उन्होंने ग्रामीणों की विस्तृत समस्या सुनी। इसके बाद उन्होंने देर शाम तक ही बिजली सप्लाई बहाल करने का भरोसा दिया। एसडीओ के आश्वासन पर ग्रामीणों ने संतुष्टि जताई तथा मार्ग से अवरोध हटा लिए।



निजामपुर। बिजली संकट से परेशान ग्रामीण सड़क मार्ग को जाम करते हुए। फोटो: हरिभूमि



निजामपुर। जाम के दौरान सड़क पर लगी वाहनों की लाइन। फोटो: हरिभूमि

### पोल टूटने से बिजली संकट बढ़ा, जल्द करेंगे रिपेयर

निगम के कनिष्ठ अभियंता सत्यवीर सिंह ने बताया कि अंधड़ में कई पोल टूट गए थे। कई लाइनों के तार टूट गए, जिस कारण बायल गांव की बिजली सप्लाई ठप है। कर्मचारियों की उपलब्धता नहीं होने के कारण रिपेयर प्रक्रिया में देरी हो गई। आज पोल बदलने व तारों की मरम्मत शुरू करवा दी। शाम तक बिजली सप्लाई चालू हो जाएगी।

# शिक्षक पर मानसिक उत्पीड़न व दबाव बनाने के आरोपों पर बिफरे ग्रामीण, की तालाबंदी

- डीईओ मौके पर पहुंचे और ग्रामीणों को दिया कमेटी गठित कर निष्पक्ष जांच का आश्वासन

हरिभूमि न्यूज ⏭ नांगल चौधरी

नांगल कालिया राजकीय मिडिल स्कूल के शिक्षक पर एक शिक्षिका ने मानसिक उत्पीड़न व दबाव बनाने के आरोप लगाए हैं। जिससे आक्रोशित ग्रामीणों ने सुबह स्कूल खुलने का समय होते ही गेट पर तालांबदी कर दी। उन्होंने पीड़ित महिला के आरोपों को मनगढ़ंत बताते हुए निष्पक्ष जांच की मांग की तथा स्टाफ पर शिक्षण व्यवस्था में लापरवाही बरतने की शिकायत दर्ज कराई है। सूचना पाकर जिला शिक्षा अधिकारी संतोष कुमार मौके पर पहुंचे तथा कमेटी गठित करके जांच कराने का आश्वासन दिया। जिससे संतुष्ट ग्रामीणों ने तालाबंदी खोलने पर सहमति जताई।

स्कूल में कौशल रोजगार निगम योजना के अंतर्गत सेवारत शिक्षिका व एक स्थाई शिक्षिका के बीच बीते तीन दिनों से टकराव बना हुआ है। सोमवार को विवाद की शिकायत मिलने पर खंड शिक्षा अधिकारी सुनीता यादव ने स्कूल में पहुंचकर दोनों पक्षों की शिकायत सुनी थी। उसी दिन दोनों पक्षों ने बीईओ को लिखित में राजीनामा होने की सूचना भेजी थी, लेकिन बुधवार की सुबह दुबारा हंगामे की स्थिति उत्पन्न हो गई। शिकायत मिलने पर सरपंच धर्मेंद्र सिंह, मुकेश कुमार, अशोक कुमार, धोलाराम सहित सैकड़ों ग्रामीण मौके पर पहुंच गए तथा गेट पर तालाबंदी कर दी। उन्होंने शिक्षिका के आरोपों को बेबुनियाद बताया कहा कि वे स्वयं शिक्षण व्यवस्था में लापरवाही बरत रही हैं।

तालाबंदी की शिकायत मिलने पर बीईओ सुनीता यादव, थाना इंचार्ज छत्रपाल चौधरी स्कूल पहुंचे तथा ग्रामीणों को समझा कर ताला खुलवाने के प्रयास किए, लेकिन ग्रामीण उच्चाधिकारी को स्कूल में बुलाने की जिद पर अड़ गए। इसके बाद करीब 10 बजे जिला शिक्षा अधिकारी संतोष कुमार मौके पर पहुंचे तथा शिकायतकर्ता शिक्षिका से पूछताछ की। इस दौरान पीड़ित शिक्षिका संतोषजनक तथ्य प्रस्तुत नहीं कर पाई, साथ ही उन्होंने किसी भी आरोपों पर दृढता. से स्टेंड लिया। बार बार बयान बदलने पर डीईओ ने कमेटी का गठन कर दिया तथा जल्द ही रिपोर्ट प्रस्तुत करने की हिदायत दी है। इसके बाद ग्रामीणों ने गेट की तालाबंदी हटा दी।



नांगल चौधरी। शिक्षिका के आरोपों पर स्टॉफ सदस्यों से पूछताछ करते डीइओ संतोष कुमार। फोटो: हरिभूमि

### आरोपों के पक्ष में ठोस प्रमाण नहीं दे पाई शिक्षिका

सरपंच धर्मेंद्र कुमार ने बताया कि विवाद को पहले भी सुलझाने के प्रयास किए गए थे, लेकिन शिक्षिका ने ग्रामीणों को उकसाकर मामले को पेचीदा बना दिया। शिकायत की जांच में अभी तक कोई साक्ष्य सामने नहीं आए हैं। अब विभागीय कमेटी विस्तृत जांच करेगी, इसके बाद ही स्थिति स्पष्ट हो पाएगी।

### कमेटी की रिपोर्ट मिलने पर करेंगे कार्रवाई

जिला शिक्षा अधिकारी संतोष कुमार ने बताया कि शिक्षिका के आरोपों पर कमेटी का गठन कर दिया है। जिसे जून महीने में रिपोर्ट प्रस्तुत करने की हिदायत दी है। रिपोर्ट के अनुसार दोषी पक्ष के खिलाफ कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। उन्होंने पूरे स्टॉफ का तबादला होने का संकेत दिया है।

# ऑपरेशन शील्ड आज : शाम 5 बजे लघु सचिवालय में होगी मॉक ड्रिल, रात 8 से 8:15 बजे तक रहेगा ब्लैकआउट

- 15 मिनट के लिए सभी नागरिक घरों की लाइट रखें बंद: डीसी

हरिभूमि न्यूज ⏭ नारनौल

आपातकालीन हालत में नागरिकों की सुरक्षा तैयारियों को और मजबूत बनाने के उद्देश्य से 29 मई को प्रदेश व्यापी नागरिक सुरक्षा अभ्यास ऑपरेशन शील्ड का आयोजन किया जाएगा। जिला महेंद्रगढ़ में इस दौरान शाम पांच बजे लघु सचिवालय के पीछे मिलिट्री बेस मानकर मॉक ड्रिल का आयोजन किया जाएगा। इसके बाद रात आठ से 8:15 बजे तक ब्लैकआउट रहेगा। इसी अभ्यास की तैयारी को लेकर बुधवार को उपायुक्त डॉ. विवेक भारती ने लघु सचिवालय में अधिकारियों की बैठक ली।

डीसी ने बताया कि लघु सचिवालय में सायं पांच बजे शुरू होने वाला यह व्यापक अभ्यास भारत सरकार के गृह मंत्रालय के मार्गदर्शन में आयोजित किया जा रहा है, जिसका उद्देश्य वर्तमान राष्ट्रीय सुरक्षा चिंताओं के मद्देनजर हवाई हमलों, ड्रोन हमलों व अन्य युद्धकालीन परिदृश्यों जैसी महत्वपूर्ण घटनाओं का अनुकरण करना है। उपायुक्त ने आम नागरिकों से आह्वान किया कि नागरिक इस अभ्यास को देखकर घबराए नहीं। यह केवल तैयारी को लेकर किया गया अभ्यास है। इस दौरान सभागार भवन में सेफ हाउस बनाया जाएगा। उन्होंने बताया कि इस अभ्यास का उद्देश्य मौजूदा आपातकालीन तंत्र का परीक्षण करना, नागरिक प्रशासन, रक्षा बलों व स्थानीय समुदायों के बीच समन्वय में सुधार करना और उन क्षेत्रों की पहचान करना है, जिन्हें मजबूत करने की आवश्यकता है, ताकि किसी भी संकट के दौरान त्वरित और प्रभावी प्रतिक्रिया सुनिश्चित हो सके। डीसी ने बताया कि ठीक आठ बजे ब्लैकआउट के लिए पहले सायरन बजेगा। 8:15 बजे ब्लैकआउट समाप्ति का सायरन बजेगा। अभ्यास में एनडीआरएफ, एसडीआरएफ, सिविल डिफेंस वार्डन, पंजीकृत स्वयंसेवक व राष्ट्रीय कैडेट कोर, राष्ट्रीय सेवा योजना, नेहरू युवा केंद्र संगठन, भारत स्काउट्स एंड गाइड्स सहित युवा संगठनों को बड़े पैमाने पर शामिल किया जाएगा, ताकि आपातकालीन परिदृश्यों में सहायता की जा सके।



नारनौल। अधिकारियों की बैठक लेते डीसी डॉ. विवेक भारती। फोटो: हरिभूमि

## पेपर देने जा रही विवाहिता की सड़क हादसे में मौत

**महेंद्रगढ़।** पेपर देने जा रहीं करीब 26 वर्षीय एक विवाहिता की सड़क दुर्घटना में मौत हो गई हैं। समाचार लिखे जाने तक पुलिस कागजी कार्रवाई में लगी हुई हैं। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार गांव कुरहावटा निवासी विवाहिता पूजा अपनी स्कूटी पर सवार होकर कव्वाली पेपर देने जा रहीं थी। जब वह गांव सिगड़ा के पास एक निजी कॉलेज के सामने पहुंची तो किसी अज्ञात वाहन ने स्कूटी को टक्कर मार दी। इसके बाद आसपास के राहगीर पूजा को सरकारी अस्पताल लेकर आए, जहां चिकित्सकों ने उसकी जांच करके उसको मृत घोषित कर दिया। इसके बाद मृतक पूजा के परिजन अस्पताल में मौके पर पहुंचे। सूचना मिलने पर पुलिस आगामी कार्रवाई कर रही हैं। मृतका पूजा की करीब दो साल पहले गांव कुरहावटा निवासी अभिषेक के साथ शादी हुई थी। मृतका की करीब दो साल की लड़की भी हैं। पूजा के पति आर्मी में नौकरी करता हैं।

# हड़ताल पर बैठे नप सफाई कर्मी, नप कार्यालय पर जड़ा ताला

- बीट अलाउंस न देने पर काम छोड़ हड़ताल पर बैठे नप सफाई कर्मी

हरिभूमि न्यूज ⏭ नारनौल

नगर परिषद सफाई कर्मचारियों ने बुधवार को अपनी मांगों को लेकर नगर परिषद के मुख्यद्वार पर ताला जड़ दिया और काम छोड़कर हड़ताल पर बैठे गए। नगर परिषद का मुख्यद्वार बंद होने के करण यहां पर काम के लिए आए लोगों को भी परेशानी उठानी पड़ी। वहीं काफी देर बाद नप अधिकारियों के आश्वासन पर सफाई कर्मचारियों ने गेट का ताला खोल दिया और काम पर लौट गए। बता दें कि राज्य सरकार की तरफ से नगर परिषद के सफाई कर्मचारियों को मई महीने में 25 हजार रुपये प्रत्येक कर्मचारी को व्हीट अलाउंस यानि गेहूं का भत्ता प्रदान किया जाता है। यह राशि बिना ब्याज की होती है, जो कर्मचारी दस किस्तों में वापस अदा करते हैं। इस बार भी प्रदेश की पालिकाओं में यह राशि वितरित की गई, लेकिन नगर परिषद के कर्मचारी इससे वंचित कर दिए गए थे।

नगर परिषद अधिकारियों की ओर से व्हीट अलाउंस न देने के चलते सफाई कर्मचारी काम छोड़ हड़ताल बैठ गए। इस अवसर पर सफाई कर्मचारियों ने कहा कि 16 मई को नगर परिषद ईओ व नप सफाई कर्मचारियों को बीच व्हीट अलाउंस देने के मामले में समझौता हुआ था। जिसके तहत व्हीट अलाउंस सोमवार यानी 19 मई तक दिया जाना था, लेकिन बुधवार तक व्हीट अलाउंस नहीं दिया गया व अन्य मांगों को भी पूरा नहीं किया गया। इस बारे में कर्मचारियों ने कई बार बातचीत की, लेकिन कोई संतोषजनक जवाब नहीं मिला। वहीं ईओ छुट्टी लेकर चले गए। जिस पर सफाई कर्मचारियों ने हड़ताल करने का निर्णय लिया और नगर परिषद के मुख्यद्वार पर ताला लगा दिया तथा गेट बंद कर धरने पर बैठ गए। इसके बावजूद नप अधिकारियों ने सफाई कर्मचारियों से कोई बातचीत नहीं की। इसके बाद सफाई कर्मचारियों ने वार्ड पार्षदों के साथ मिलकर नप चेयरपर्सन कमलेश सैनी, उप प्रधान संजय यादव से मिले। इस मौके पर पार्षद मोहनलाल, कपिल तथा अन्य पार्षद भी मौजूद रहे।



नारनौल। मांगों को लेकर काम छोड़ हड़ताल पर बैठे सफाई कर्मचारी।

### यह रहे मौजूद

इस मौके पर इकाई प्रधान सुरेश कुमार जैदिया, जिला प्रधान राहुल सारवान, संजीव, महावीर प्रसाद, राज्य कैशियर महेंद्र सिंह सांगलिया, राज्य सचिव महेंद्र सिंह गोयत, सभी कर्मचारी, सभी दरोगा, अमित कुमार, सुनील बोयत, मनोज पटीकरा, भीमसिंह, निरंजन लाल, देवानंद, सुरेश कुमार, राजेश कुमार, राजाराम, आशु, दीपक, रोशन, विक्रम, राजू, सुनील, दौलत, मनोज देवी, सुनीता देवी, बबली देवी, निर्मला देवी, ममता देवी, उषा देवी, मंजू देवी, पूनम देवी, बबली, सुनीता, सविता, बॉबी देवी, सुशीला देवी आदि मौजूद थे।

### व्हीट अलाउंस के चेक जारी, हड़ताल खत्म

नप चेयरपर्सन व अधिकारियों ने हड़ताल पर बैठे सफाई कर्मचारियों से बातचीत की। जिसमें व्हीट अलाउंस तथा अन्य मांगों पर समझौता हुआ। नप अधिकारी ने कहा कि व्हीट अलाउंस के 25 हजार रुपये एक घंटे के अंदर बैंक में डाल जाएंगे, लेकिन कर्मचारियों ने एक न सुनी। इसके बाद तुरंत प्रभाव से व्हीट अलाउंस का चेक जमा करवाया। जिस पर कर्मचारियों ने संतुष्टि जताई और गेट का ताला खुल हड़ताल समाप्त कर काम पर लौट गए।

सार्वजनिक स्थलों पर
धूम्रपान निषेध है
साथ ही यह
दण्डनीय अपराध है
NO SMOKING
NO TOBACCO
31 मई
विश्व तम्बाकू निषेध दिवस
जनहित में जारी | हरिभूमि राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
हरिभूमि द्वारा "विश्व तम्बाकू निषेध दिवस" (31 मई 2025) के अवसर पर बस स्टैंड, नारनौल पर प्रातः 8 बजे से दोपहर 2 बजे तक 'तम्बाकू निषेध हस्ताक्षर अभियान' का आयोजन किया जा रहा है। आप भी हस्ताक्षर करके इसका हिस्सा बनें और अपने संबंधियों व मित्रों को तम्बाकू उत्पादों को छोड़ने की शपथ दिलाएं।
सौजन्य से
RPS SR. SEC. SCHOOL, MAHENDERGARH — Under the aegis of RPS Education Society, M/Garh
THE VEDANTA INTERNATIONAL SCHOOL — Shaping minds, building a better future — 7th Mile Stone Narnaul-Mahendergarh Road, Narnaul
KAMANIA SHIV HIGH SCHOOL
विला शिक्षा निकेतन — निजामपुर रोड, नजदीक मेघोत हाला नांगल चौधरी, जिला महेंद्रगढ़
VIJAY INTERNATIONAL SCHOOL — Affiliated to CBSE | Affiliation No. 532167 — SH-24, SATNALI ROAD, BALANA, MAHENDERGARH (HR)
HINDUSTAN PUBLIC SCHOOL KANINA ROAD, ATELI